FAX

संख्या–1778 / 22–1–2010–120 / 2007

प्रेषक

एन0 के0 सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग–1 लखनऊ : दिनॉक: 20 जुलाई, 2010

विषयः–कारागारों की सुरक्षा के लिए होमगार्ड लगाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कारागार मुख्यालय के पत्र संख्या–18399 / अध–2(4) दिनांक 28.06.2010, का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कारागार विभाग में बंदीरक्षकों की कमी के कारण कारागारों पर प्रभावी नियंत्रण एवं सुरक्षा–व्यवस्था मजबूत रखने में हो रही परेशानी के दृष्टिगत प्रदेश की कारागारों में 3000 होमगार्डस तैनात किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। होमगार्डस की तैनाती दिनांक 31.03.2011 तक की अवधि के लिए होगी।

3– इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2010–2011 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–25 गृह विभाग(कारागार) के लेखाशीर्षक–2056–आयोजनेत्तर –101–जेले–103–समस्त कारागार के मानक मद–02–मजदूरी के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

3– ये आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–ई– 12–1518 / दस–2010, दिनांक 12 जुलाई, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एन0 के0 सिंह)
विशेष सचिव।

पृ0संख्या–1778(1) / 22–1–2010 तद्दिनांक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महासमादेष्टा, होमगार्ड्स उ0प्र0 लखनऊ।
2. वित्त (व्यय– नियंत्रण) अनुभाग–12
3. होमगार्ड्स अनुभाग।
4. विभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(सत्य प्रकाश पंखा)
उप सचिव।